कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धमतरी

//सूचना पत्र//

क्रमांक क्यू./दो–11–03/2019 धमतरी, दिनांक 22.12.2023

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धमतरी में स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी एवं सहायक ग्रेड–तीन के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा आयोजित किया जाना है, जिस हेतु पात्र अभ्यर्थियों/आवेदकों को अनुक्रमांक आबंटित किए गए है। उक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन निम्नानुसार किया गया है:–

–:: परीक्षा कार्यक्रम ::–

क	रिक्त पद	परीक्षा तिथि	परीक्षा का समय
1	**सहायक ग्रेड–तीन एवं स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी**	06.01.2024	09.00 से 10.00

टीपः– (1) अभ्यर्थी/परीक्षार्थी उपरोक्तानुसार परीक्षा केन्द्र/स्थल में निर्धारित समय से एक घण्टे पूर्व उपस्थित रहें।

(2) अभ्यर्थी/परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक एवं पंजीयन क्रमांक का अवलोकन वेबसाईट से कर सकते है। **परीक्षा केन्द्रो की जानकारी हेतु अभ्यर्थी समय–समय पर वेबसाईट का अवलोकन करे।**

(3) जिन अभ्यर्थियों के द्वारा सहायक ग्रेड–तीन एवं स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी के पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है, उन अभ्यर्थियों को पृथक–पृथक अनुक्रमांक आबंटित की गई है।

(4) **जो अभ्यर्थी सहायक ग्रेड–तीन एवं स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी दोनो पदो हेतु लिखित परीक्षा** मे सम्मिलित होगे, **वे स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी हेतु आबंटित परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होंगे** तथा अपने उत्तरपुस्तिका में दोनो पदो हेतु आबंटित अनुक्रमांक अंकित करेंगें, यदि अभ्यर्थी द्वारा केवल एक ही पद का अनुक्रमांक अंकित किया जाता है, तो उस अभ्यर्थी को दूसरे पद हेतु अनुपस्थित माना जायेगा।

(5) यदि तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड–तीन एवं स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी के अभ्यार्थियों की लिखित परीक्षा, नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो आगामी तिथि की जानकारी जिला न्यायालय के वेबसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा, जिसका अवलोकन अभ्यर्थी/परीक्षार्थी वेबसाईट से कर सकते है।

(6) अभ्यर्थी/परीक्षार्थी जिला न्यायालय की वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रवेश पत्र में दिये गये अनुदेशों के अनुरूप प्रवेश पत्र में पंजीयन क्रमांक एवं अनुक्रमांक की पूर्ति कर निर्धारित समय से एक घण्टे पूर्व परीक्षा कक्ष में उपस्थित होंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पश्चात विलंब से उपस्थित होने पर परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा।

(7) सहायक ग्रेड–तीन एवं स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी के जिन अभ्यर्थियों के द्वारा लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र वेबसाईट से नहीं निकाल पाये है, वे परीक्षा तिथि को प्रातः 08:00 बजे से 08.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। प्रवेश पत्र में अपनी फोटो लगाना तथा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।

अतएव उक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा के संबंध में अभ्यिर्थियों/आवेदकों को अनुक्रमांक आबंटित किए जाने की सूची एवं लिखित परीक्षा की तिथि की सूचना जिला न्यायालय धमतरी के सूचना पटल पर चस्पा कराई जा रही है तथा जिला न्यायालय के वेबसाईट **https://dhamtari.dcourts.gov.in** पर अपलोड कराई गई है।

Sunita 22/12/23

(श्रीमती सुनीता टोप्पो)
अध्यक्ष, चयन समिति
एवं ए0डी0जे0 (एफ0टी0सी0)
धमतरी छ0ग0